Phone & Fax no. 0135-2658294 E-mail: cfshiwa-forest-uk@nic.in

कार्यालय वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक 2679/ 12–1 दिनांक, देहरादून 25 मई, 2024

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
हरिद्वार वन प्रभाग,
हरिद्वार।

विषयः– जनपद हरिद्वार में केन्द्रीय सड़क योजना के अन्तर्गत रुड़की–लक्सर–बालावाली मार्ग राज्य संख्या 26 के कि0मी0–19 तक पेब्ड शोल्डर से मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 7.32 है० राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग को वन भूमि प्रत्यावर्तन।

संदर्भः– आपका पत्रांक– 6275/12–1 दिनांक 17.05.2024

महोदय,

उपरोक्त विषय में दिनांक 24.01.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे पाक्षिक क्षेत्रीय समन्वयक (Fortinightly Regional Coordination Meeting) की बैठक एकीकृत कार्यालय, देहरादून में आहूत की गई थी। जिसका कार्यवृत्त भारत सरकार की पत्र संख्या– IRO/DDN/FRCM/01/2022/1457 दिनांक 30.01.2023 से जारी किया गया है, उक्त कार्यवृत्त के एजेन्डा–04 में विषयांकित मार्ग के सम्बन्ध में 03 बिन्दुओं पर पृच्छा की गई है आपके द्वारा मात्र–01 बिन्दु पर अपनी स्थिति स्पष्ट की गई है।

अतः उक्त कार्यवृत्त की प्रति इस निर्देश के साथ प्रेषित की जा रही है कि भारत सरकार द्वारा चाही गई सूचना का बिन्दुवार उत्तर पुष्ठ प्रमाणों सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। आपके द्वारा प्रेषित आख्या मूल में तद्नुसार अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार

भवदीय

(राजीव धीमान)
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।

पत्रांकः–2679 / तददिनांकित

प्रतिलिपिः–अपर प्रमुख वन संरक्षक/ नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड देहरादून को उपरोक्त विषय में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(राजीव धीमान)
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।

O/C